392. ढींगला, भीडरिया, नाथद्वारिया है-

(a) मेवाड़ में प्रचलित ताँबे के सिक्के
(b) मेवाड़ की दरी पट्टियों के नाम
(c) मेवाड़ की ओढ़नियों के नाम
(d) मेवाड़ के राजस्व करों के नाम

JEN Civil Diploma 21.08.2016

Ans. (a) – ढींगला, भीडरिया, नाथद्वारिया मेवाड़ में प्रचलित ताँबे के सिक्के थे। मेवाड़ पगड़ी के लिए प्रसिद्ध है, पगड़ी को पाग, पेंचा व बागा भी कहते हैं। राजस्थान में प्रचलित ओढ़नी पवरी, पोमचा, लहरिया, दामणी आदि है।

393. राजस्थान के किस पुरातात्विक स्थल से अपोलोडोट्स का सिक्का प्राप्त हुआ-

(a) सुनारी (b) रैढ़
(c) रंगमहल (d) बरोर

JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016

Ans. (b) – राजस्थान के रैढ़ पुरातात्विक स्थल से यूनानी शासक अपोलोडोट्स के सिक्के प्राप्त हुए हैं। रैढ़ टोंक जिले की निवाई तहसील में ढ़ील नदी के किनारे स्थित एक लौहयुगीन सभ्यता है। यहां पर उत्खन्न का कार्य 1938 ई. में डॉ. केदारनाथ पुरी के द्वारा करवाया गया।

394. 'गधिया' सिक्के किस राज्य से सम्बन्धित थे-

(a) जोधपुर (b) उदयपुर
(c) जयपुर (d) बीकानेर

Investigator Exam Date- 21.08.2016

Ans. (a) – 'गधिया' सिक्के का प्रचलन सर्वप्रथम जोधपुर राज्य में था। जोधपुर टकसाल के चाँदी के सिक्के विश्व प्रसिद्ध है। रैढ़, वैराटनगर से इंडो सीथियन सिक्के मिले हैं। जिन पर राजा के चेहरे एवं अग्निवेदिका का भद्दा रूप धारण किया हुआ है जिससे इन्हें 'गधिया' सिक्का भी कहा जाता है।

395. आलमशाही मुगलिया सिक्का राजस्थान में कहाँ प्रचलित था?

(a) जयपुर (b) बीकानेर
(c) अलवर (d) भरतपुर

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (*) : आलमशाही मुगलिया सिक्का राजस्थान के प्रतापगढ़ क्षेत्र में प्रचलित था। महारावल सालिम सिंह ने बादशाह शाह आलम के नाम से आलमशाही सिक्का चलवाया।

396. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म (मुद्राएँ-रियासत) सुमेलित नहीं है?

(a) अखैशाही - जैसलमेर
(b) झाड़शाही - जयपुर
(c) विजयशाही - बीकानेर
(d) गजशाही - जोधपुर

Basic Computer Anudeshak-18.06.2022

Ans. (c) : विजयशाही सिक्के का प्रचलन जोधपुर रियासत में था, जोधपुर रियासत के अन्य प्रमुख सिक्के-लल्लूलिया, गधिया, भीमशाही, फदिया। शेष विकल्प सही सुमेलित है।

397. बड़वा ग्राम से प्राप्त यूप स्तम्भ अभिलेख किस वंश/गण से संबंधित है?

(a) मौखरी वंश (b) प्रतिहार वंश
(c) यौधेय गण (d) अर्जुनायन गण

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

Ans. (a) – बड़वा ग्राम से प्राप्त यूप स्तम्भ अभिलेख मौखरी वंश से सम्बन्धित है। यह अभिलेख बड़वा ग्राम कोटा से है। इसकी भाषा संस्कृत एवं लिपि ब्राह्मी उत्तरी है। यहाँ चार महासेनापति बल के चार पुत्रों (बलवर्द्धन, सोमदेव, बलसिंह) ने त्रिरात यज्ञ सम्पन्न करवाया था।

398. निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है?

(a) धौलपुर के सिक्के- तमंचाशाही
(b) करौली के सिक्के- माणकशाही
(c) प्रतापगढ़ के सिक्के-सालिमशाही
(d) भरतपुर के सिक्के-मदनशाही

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

Ans. (d) – विकल्प (d) सुमेलित नहीं है।

(a)	धौलपुर के सिक्के	-	तमंचाशाही
(b)	करौली के सिक्के	-	माणकशाही
(c)	प्रतापगढ़ के सिक्के	-	सालिमशाही
(d)	भरतपुर के सिक्के	-	शााहआलम

मदनशाही सिक्के झालावाड़ रियासत के सिक्के थे।

399. निम्नलिखित में से शिलालेख/प्रशस्ति और उनके उत्कीर्णन वर्ष के सही जोड़े कौन से हैं?

(i) अचलेश्वर शिलालेख-1285 ई.
(ii) बिजौलिया शिलालेख-1150 ई.
(iii) चीरवा शिलालेख-987 ई.
(iv) कुम्भलगढ़ प्रशस्ति-1460 ई.

सही कूट का चयन कीजिए-

(a) 1, 2 एवं 3 (b) 1, 2 एवं 4
(c) केवल 2 एवं 3 (d) केवल 1 एवं 4

कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022

Ans. (a) : राजस्थान के शिलालेख/प्रशस्ति और उनके उत्कीर्णन वर्ष का सही सुलेखन इस प्रकार है।

शिलालेख/प्रशस्ति	उत्कीर्णन वर्ष	स्थान
(a) अचलेश्वर शिलालेख	1285 ई.	सिरोही
(b) बिजौलिया शिलालेख	1170 ई.	भीलवाड़ा
(c) चीरवा शिलालेख	1273 ई.	उदयपुर
(d) कुम्भलगढ़ प्रशस्ति	1460 ई.	चित्तौड़गढ़

इस प्रकार कूट 1, 2, 4 सही सुमेलित है। अतः विकल्प (b) सही है।

400. वह स्थान, जिसे 'प्राचीन भारत का टाटानगर' कहा जाता है–

(a) तिलवाड़ा (b) नगरी
(c) रैढ़ (d) नलियासर

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I